आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–10 अक्टूबर 2024 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की ओर से संचालित महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रथम बैच के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान विज्ञान और तकनीकि भारत के डीएनए में है। आपार संभावनाओं से परिपूर्ण देश के युवाओं की तरफ आज पूरी दुनिया नई उम्मीद से देख रही है आने वाला समय भारत का है। ऐसे में युवा, संघर्षो से अपनी राह बनाए, सफलता उनके कदम चूमेगी। श्री योगी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश रोजगार का बड़ा हब बन रहा है। प्रदेश आज के तकनीकि दौर की महत्वपूर्ण जरूरत सेमी कंडक्टर का हब बनने की दिशाा में काफी आगे बढ़ चुका है। इसमे सीधी निवेश के साथ कई गुना चक्रीय निवेश भी हो रहा है।

****

शारदीय नवरात्र के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज देवीपाटन शक्तिपीठ पहुंचकर माॅ पाटेश्वरी के दर्शन पूजन किये। गौशाला पहुंच कर उन्होंने गौ सेवा की और मंदिर परिसर में मौजूद बच्चों को चॉकलेट दे कर दुलार भी किया। वहां से मुख्यमंत्री अपने गृह जनपद गोरखपुर पहुंचे जहां गोरखनाथ मंदिर में वह आज रात में विधि विधान से महानिशा की पूजा करेंगे। मुख्यमंत्री कल मंदिर में ही कन्या पूजन करने के साथ ही विजय दशमी के दिन बारह अक्टूबर को गोरखनाथ मंदिर से मानसरोवर मंदिर तक निकलने वाली शोभा यात्रा में भी शामिल होंगे।

****

प्रदेश सरकार कृषि यंत्रीकरण की समस्त योजनाओं के अंतर्गत कृषियंत्र, कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग सेंटर, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, थ्रेसिंग फ्लोर व छोटे गोदामों पर किसानों को अनुदान देगी। इसके लिए तेइस अक्टूबर से बुकिंग प्रारंभ होगा। कृषि विभाग के मुताबिक दस हजार तक के अनुदान वाले समस्त कृषि यंत्रों, कृषि रक्षा उपकरणों के लिए आवेदक कृषि विभाग के पोर्टल पर बुकिंग कर सकेंगे। आवेदक अपने या परिवार के मोबाईल से अवेदन कर सकेंगे।

****

पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया और कुशीनगर समेत चौदह जिलों में मखाना की खेती की जाएगी, जिसके लिए सरकार किसानों को अनुदान देगी। कुशीनगर के जिला उद्यान अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि जिले में तेरह हेक्टेयर भूमि पर मखाने की खेती कराने लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने बताया कि इसी तरह अन्य तेरह जिलों में भी लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं। श्री कुमार ने बताया कि सरकार मखाने की खेती करने वाले किसानों को प्रति हेक्टेयर चालीस हजार रूपये का अनुदान देगी।

****

प्रदेश के औद्योगिक मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने आज मिर्जापुर के कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यो की प्रगति जांची। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विकास परियोजनाएं समय पर गुणवत्ता के साथ पूरी की जाएं। लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए और उनका समय से गुणवत्ता युक्त निस्तारण किया जाएं। बैठक के बाद औद्योगिक मंत्री ने विंध्याचल पहुंचकर माॅ विंध्यावासिनी देवी का दर्शन पूजन भी किया।

****

जाने–माने उद्योगपति और समाजसेवी रतन टाटा का आज शाम मुम्बई के वरली स्थित शमशान घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह समेत कई जनप्रतिनिधि, उद्यमी और टाटा समूह के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सुबह से ही उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए मुम्बई में लोगों का तांता लगा रहा। छियासी वर्ष की उम्र में कल मुम्बई के एक अस्पताल में पद्म विभूषण रतन टाटा का निधन हो गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई अन्य विशिष्ट व्यक्तियों ने श्री रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

****

शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों में दुर्गा पूजा का उत्सव धूम–धाम से मनाया जा रहा है। पूजा पंण्डालों में माॅ दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी हुई है। वाराणसी, अयोध्या, मिर्जापुर, बलरामपुर, समेत कई जिलों के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु माॅ दुर्गा के दर्शन पूजन कर रहें हैं। वहीं मथुरा, झांसी, प्रयागराज, कानपुर, बलरामपुर, गोरखपुर, बस्ती, देवरिया समेत विभिन्न जिलों में लगे मेलों में भी लोगों की भारी भीड़ दिख रही है। आज शाम महानिशा की पूजा के बाद व्रती कल हवन पूजन के साथ ही कन्याओं का पूजन कर नौ दिन का अनुष्ठान पूरा करेंगे। अगले दिन विजय दशमी के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली जाएगी साथ ही दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन भी शुरू हो जाएगा। दुर्गा पूजा को लेकर सभी जिलों में पुलिस एंव प्रशासन मुस्तैद हैं। सुरक्षा के कड़े इंतेजाम किये गये हैं।

****